दिन– मंगलवार

दिनांक– 15 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और राजद नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली में हुयी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार समेत दोनों दलों के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। करीब आधे घंटे की बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे समेत कई बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बैठक में सार्थक चर्चा हुयी है। उन्होंने कहा कि सत्रह अप्रैल को पटना में महागठबंधन की बैठक में सभी घटक दलों के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति बनायेंगे।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पांच लाख बीस हजार सात सौ बयालीस अतिरिक्त आवास आवंटित किया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से प्रदेश में पीएम आवास योजना की वर्ष दो हजार अठारह से चली आ रही प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गयी है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस संबंध में जानकारी दी है। गौरतलब है कि योजना के लाभुकों की नई सूची बनाने को लेकर प्रदेश में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। सर्वेक्षण कार्य तीस अप्रैल तक चलेगा।

————————————————————

राज्य सरकार नाविकों और गोताखोरों को पांच लाख रूपये तक का बीमा उपलब्ध करायेगी। पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने कहा कि मल्लाह समुदाय के लोगों का दो लाख का जीवन बीमा कराया जायेगा। श्री सहनी ने कहा कि नाव और नाविकों का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। इसके अलावा चालीस से साठ प्रतिशत तक की सब्सिडी नावों की खरीद पर दी जायेगी।

————————————————————

भारत से हज़ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख पचहत्तर हजार कर दिया गया है। दो हजार चौदह में यह संख्या एक लाख छत्तीस हजार थी। सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि वह भारत की हज़ समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों की यात्रा का प्रबंध कर रहा है। मंत्रालय ने बताया है कि सउदी अरब के दिशा–निर्देशों के अनुरूप उड़ान, परिवहन, मीना शिविर, रहने की व्यवस्था और अन्य सेवाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

——————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर मशाल यात्रा आज से शुरू हो रही है। यह यात्रा दो मई तक प्रदेश के सभी अड़तीस जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान लोगों के बीच खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े विभिन्न रोचक पहलुओं की जानाकरी दी जाएगी। मशाल यात्रा में प्रदेश के नामचीन खिलाड़ी, विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि भाग लेंगे।

——————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, कल हुयी बारिश और ओलोवृष्टि के कारण प्रदेशभर में फसलों को व्यापक क्षति हुयी है। गेहूं और मक्के की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। वहीं, आम और लीची की फसल को भी क्षति हुयी है।

——————————————————————

दरभंगा जिले के बिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग–अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इधर, औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटवारा गांव के पास दो मोटरसाईकिल के बीच आमने–सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।